tion drive in 25 states.

Workshop on start-up scaling concluded at CIMP

OUR CORRESPONDENT

PATNA: A one day workshop organized for startups scaling at CIMP was concluded. The workshop was organized jointly under the aegis of CIMP, ICAI and ICSI. The Deptt. of Industries, Government of Bihar also supported in conducting this workshop.

In the inaugural function of the workshop, the Deputy Chief Minister of the state, Tarkishore Prasad congratulated all the startups & assured them of full cooperation from the state government. Dy. CM congratulated CIMP Director Dr. V.Mukunda Das for his outstanding leadership. Speaking at the welcome address of the inaugural function, Dr. V. Mukunda Das ,Director, CIMP elaborated on

the Incubation Center of CIMP 'SIBIL' and share detailed information about the new efforts being made by SIBIL to scale-up new startups. Dr. Mukunda Das gave all credit to Chief MinisterNitish Kumar and said that we are trying to bring the vision of our president into reality.

In the workshop, Dilip Kumar, Special Secretary, Industries Department, threw light on the work being done by the department.

Addressing the workshop, Pankaj Dixit, Director-Technical, Department of Industries, described the government's plan regarding the startup policy and congratulate CIMP for wonderful mentoring startups in the state.

Pankaj Dixit emphasizing the need to conduct such workshops and said that such workshop being conducted by CIMP for scaling up of start-ups will go a long way in helping startups grow.

Speaking at the workshop, Devdatta Nayak of GMR Capital Advisors (SEBI Registered Merchant Banker), Ahmedabad, explained the techniques of launching IPO to startups. The same, DivyaMomaya, Independent Director, Motilal Oswal Financial from Mumbai, told all the startups about the compliances that will come in the IPO launch.

CA Abhishek Jain, who came from Ahmedabad as a special speaker in the workshop, told about the IPO launch experience of the startup. Abhishek Jain's start-up company is Mapbook.

Morning India ! Page.NO-02 ! Dated:28-09-2021

सरकार की नीति एवं सहयोग स्टार्ट-अप के साथ : उपमुख्यमंत्री

(आज समाचार सेवा)

पटना। चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान पटना के ऑडिटोरियम में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए बिहार के उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने कहा कि सरकार की नीति एवं सहयोग बिहार के स्टार्टअप के साथ है। बिहार ने विगत 15 वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में आधारभूत संरचना का विकास किया है। माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी की दूरदर्शितापूर्ण परिकल्पना को आकार देने में चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान के फैकेल्टी एवं प्रबंधन संस्थान से जुड़े पदाधिकारियों का बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान की टीचिंग, लर्निंग, रिसोर्सेस और रिसर्च काफी अच्छे हैं। संस्थान में वर्ष 2017 से स्थापित स्टार्ट-अप इनक्यूबेशन एंड बिजनेस इनोवेशन लैब राज्य का महत्वपूर्ण इनक्यूबेशन सेंटर है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के स्टार्ट-अप बदलते बिहार के वाहक हैं। आज की कार्यशाला में राज्य के विभिन्न हिस्सों से आए मर्चेंट बैंकर, सीए, सीएस सहित तकनीकी वक्ताओं

के प्रशिक्षण और तकनीकी बारीकियों के संबंध में मार्गदर्शन से बिहार के स्टार्ट-अप को नया कलेवर एवं आयाम मिलेगा। उन्होंने कहा कि संस्थान ने अपने स्थापना काल से लगातार प्रबंधन के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन किया है। हाल ही में नेशनल इंस्टिट्यूशनल रैंकिंग में संस्थान को 78 वां रैंक प्राप्त हुआ है, जिनमें आई.आई.टी. पटना, एन.आई.टी. पटना के अलावा चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान भी शामिल है। उन्होंने कहा कि चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान ने स्टार्ट-अप स्केलिंग पर कार्यशाला आयोजित करके बेहतर पहल की है। उन्होंने कहा कि नए स्टार्ट-अप के संवर्धन एवं प्रशिक्षण से बिहार में उद्योगों को नया आयाम मिलेगा एवं रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। कार्यक्रम के दौरान उद्योग विभाग के निदेशक (तकनीकी) पंकज दीक्षित, विभाग के विशेष सचिव श्री दिलीप कुमार, चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान के डायरेक्टर बी. मुकुंद दास, आई.सी.एस.आई. पटना चैप्टर की चेयर पर्सन सुश्री पूजा कसेरा, चेयर पर्सन मुकुल कुमार, संस्थान के स्टार्टअप सी.ई.ओ. कुमोद कुमार, मुख्य प्रशासनिक पदाधिकारी राजीव रंजन, स्टार्ट-अप के नोडल पदाधिकारी राजीव कुमार सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए मर्चेंट बैंकर, सीए, सीएस सहित राज्य के प्रमुख स्टार्ट-अप प्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यशाला के दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वाले स्टार्टअप को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

AAJ ! Page.NO-09 ! Dated:28-09-2021

शिक्षा के बजट के साथ ही संस्थानों का अनुदान बढ़ेगा

सीआइएमपी में दीप प्रज्वलित कर वर्कशाप का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद व उद्योग विभाग के विशेष सचिव दिलीप कुमार व अन्य। ● जागरण

जासं, पटना : अगले वित्तीय वर्ष से शिक्षा का बजट बढ़ेगा। इससे शैक्षणिक संस्थानों का अनुदान भी बढ़ेगा। इससे सभी का विकास होगा। अभी शिक्षा का बजट 36 हजार करोड़ का है। ये बातें उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने कहीं। वे चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान पटना में उद्योग विभाग के सहयोग से सीआइएमपी, आइसीएआइ एवं आइसीएसआइ की स्टार्टअप संवर्धन वर्कशाप को संबोधित कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि स्टार्ट-अप बदलते बिहार के वाहक हैं। स्वागत भाषण में सीआइएमपी के निदेशक डा. वी मुकुंद दास ने संस्थान के इनक्यूबेशन सेंटर 'सिबिल' के बारे में जानकारी दी। उद्योग विभाग के विशेष सचिव दिलीप कुमार ने विभाग के प्रयासों के बारे में बताया।

Dainik Jagran ! Page.NO-06
Dated:28-09-2021

सरकार की नीति और सहयोग स्टार्टअप के साथ : डिप्टी सीएम

सीआइएमपी

संवाददाता, पटना

चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान पटना (सीआइएमपी) में राज्य के स्टार्टअप के संवर्धन के लिए सोमवार को वर्कशॉप का आयोजन किया गया. वर्कशॉप का आयोजन सीआइएमपी, आइसीएआइ और आइसीएसआइ के संयुक्त तत्वावधान में एवं उद्योग विभाग, बिहार सरकार के सहयोग से किया गया. कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने किया कहा कि सरकार की नीति एवं सहयोग बिहार के स्टार्टअप के साथ है. बिहार के स्टार्टअप बदलते बिहार के वाहक हैं. कार्यशाला में राज्य के विभिन्न हिस्सों से आये मर्चेंट बैंकर, सीए, सीएस सहित तकनीकी वक्ताओं के प्रशिक्षण और तकनीकी बारीकियों के संबंध में मार्गदर्शन से बिहार के स्टार्टअप को नया कलेवर एवं आयाम मिलेगा. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दूरदर्शितापूर्ण परिकल्पना को आकार देने में सीआइएमपी के फैकेल्टी एवं प्रबंधन संस्थान से जुड़े पदाधिकारियों का बड़ा योगदान रहा है. हाल ही में नेशनल इंस्टिट्यूशनल रैंकिंग (एनआइआरएफ) में संस्थान को 78 वां रैंक प्राप्त हुआ है. संस्थान ने स्टार्टअप स्केलिंग पर कार्यशाला आयोजित करके बेहतर पहल की है. डॉ वी मुकुंदा दास ने इनक्यूबेशन सेंटर सिबिल के बारे में जानकारी दी.

आइपीओ लांच करने की दी गयी जानकारी : वर्कशॉप में वक्ता के रूप में अहमदाबाद के जीएमआर कैपिटल एडवाइजर्स (सेवी रजिस्टर्ड मर्चेंट बैंकर) के देवदत्ता नायक ने स्टार्टअप को आइपीओ लांच करने की तकनीक के बारे में बताया. सीआइएमपी से मेंटरिंग किये गये तीन स्टार्टअप को उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने सम्मानित भी किया.

सीआइएमपी में कार्यक्रम का उद्घाटन करते डिप्टी सीएम तारकिशोर प्रसाद व अन्य.

तीन सफल स्टार्टअप सम्मानित

- अर्बन केयर इंटरनेट पीवीटी एलटीडी
- मेफिसिवियर पीवीटी एलटीडी (हनुमान)
- येस्कॉम इंडिया सॉफ्टेक पीवीटी एलटीडी (रेलरेस्ट्रो)

Prabhat Khabar ! Page.NO-05 ! Dated:28-09-2021

15 वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में आधारभूत संरचना का विकास हुआ : तारकिशोर

सिटी रिपोर्टर | पटना

चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान, आईसीएआई एवं आईसीएसआई के संयुक्त रूप से

बिहार के स्टार्ट-अप के संवर्धन और प्रशिक्षण हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस मौके पर बिहार के उप मुख्यमंत्री तार किशोर प्रसाद ने कहा कि सरकार की नीति एवं सहयोग बिहार के स्टार्टअप के साथ है। बिहार ने विगत 15 वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में आधारभूत संरचना का विकास किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की परिकल्पना को आकार देने में चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान के फैकल्टी एवं प्रबंधन संस्थान से जुड़े पदाधिकारियों का बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान की टीचिंग, लर्निंग, रिसोर्सेस और रिसर्च काफी अच्छे हैं। कार्यक्रम के दौरान उद्योग विभाग के निदेशक (तकनीकी) पंकज दीक्षित, विभाग के विशेष सचिव दिलीप कुमार, चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान के डायरेक्टर बी मुकुंद दास, आईसीएसआई पटना चैप्टर की चेयर पर्सन पूजा कसेरा, चेयर पर्सन मुकुल कुमार, संस्थान के स्टार्टअप सीईओ कुमोद कुमार उपस्थित थे।

Dainik Bhaskar ! Page.No-05
Dated:28-09-2021

सरकार की नीति व सहयोग सूबे के स्टार्टअप के साथ : तारकिशोर

पटना। चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान पटना के ऑडिटोरियम में बिहार के स्टार्ट-अप संवर्धन व प्रशिक्षण के लिए आयोजित कार्यशाला का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने किया। कहा कि सरकार की नीति एवं सहयोग बिहार के स्टार्टअप के साथ है। वर्कशॉप में विशेष वक्ता के तौर पर अहमदाबाद से आए हुए सीए अभिषेक जैन ने स्टार्टअप के आईपीओ लॉन्चिंग के अनुभव के बारे में बताया। अभिषेक जैन की स्टार्टअप कंपनी मैपबुक है। सीआईएमपी से मेंटरिंग किए गए तीन ऐसे स्टार्टअप जो बहुत अच्छा कर रहे हैं उनको सम्मानित किया गया। अहमदाबाद के जीएमआर कैपिटल एडवाइजर्स (सेवी रजिस्टर्ड मर्चेंट बैंकर) के देवदत्ता नायक ने आईपीओ लॉन्च की जानकारी दी। उद्योग विभाग के विशेष सचिव दिलीप कुमार, दिव्या मोमाया, पंकज दीक्षित, दिलीप कुमार, बी. मुकुंद दास, पूजा कसेरा, मुकुल कुमार, राजीव रंजन, राजीव कुमार उपस्थित थे। बेहतर प्रदर्शन करने वाले स्टार्टअप को सम्मानित किया गया।

Hindustan (Hindi) ! Page.NO-08
Dated:28-09-2021

चंद्रगुप्त प्रबंध संस्थान में स्टार्टअप वर्कशॉप संपन्न

patna@inext.co.in

PATNA(27 Sept): सीआईएमबी, आईसीएआई एवं आइसीएसआई संयुक्त एवं उद्योग विभाग बिहार सरकार के सहयोग से किया गया. वर्कशॉप का आयोजन किया गया. सीआईएमपी में आयोजित स्टार्टअप के संवर्धन हेतु आयोजित वर्कशॉप का उद्घाटन राज्य के उपमुख्यमंत्री श्री तार किशोर प्रसाद ने किया. उन्होंने वर्कशॉप में शामिल सभी स्टार्टअप्स को शुभकामना देते हुए राज्य सरकार की ओर से पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाया. सीआईएमपी की के कार्यो की सराहना करते हुए संस्थान के निदेशक डॉ मुकुंदा दास को धन्यवाद दिया. उद्घाटन समारोह के स्वागत भाषण में बोलते हुए सीआईएमपी के निदेशक डॉ वी मुकुंदा दास ने सीआईएमपी के इनक्यूबेशन सेंटर के बारे में विस्तृत रूप से बताया.

I-Next ! Page.NO-05 !
Dated:28-09-2021

बदलते बिहार के वाहक बनेंगे स्टार्ट-अप : उपमुख्यमंत्री

सीआईएमपी, आईसीएआई व आईसीएसआई के तत्वावधान में स्टार्ट-अप के संवर्द्धन और प्रशिक्षण पर कार्यशाला

पटना (एसएनबी)। चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान के ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने कहा कि सरकार की नीति एवं सहयोग बिहार के स्टार्टअप के साथ है। बिहार ने विगत 15 वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में आधारभूत संरचना का विकास किया है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दूरदर्शितापूर्ण परिकल्पना को आकार देने में चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान के फैकल्टी एवं प्रबंधन संस्थान से जुड़े पदाधिकारियों का बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान की टीचिंग, लर्निंग, रिसोर्सेस और रिसर्च काफी अच्छे हैं। संस्थान में वर्ष 2017 से स्थापित स्टार्ट-अप इनक्यूबेशन एंड बिजनेस इनोवेशन लैब राज्य का महत्वपूर्ण इनक्यूबेशन सेंटर है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के स्टार्ट-अप बदलते बिहार के वाहक हैं। कार्यशाला में राज्य के विभिन्न हिस्सों से आए मर्चेंट बैंकर, सीए, सीएस सहित तकनीकी वक्ताओं के प्रशिक्षण और तकनीकी बारीकियों के संबंध में मार्गदर्शन से बिहार के स्टार्ट-अप को नया कलेवर एवं आयाम मिलेगा। उन्होंने कहा कि संस्थान ने अपने स्थापना काल से लगातार प्रबंधन के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन किया है। हाल ही में नेशनल इंस्टीच्यूशनल रैंकिंग में संस्थान को 78 वां रैंक प्राप्त हुआ है, जिनमें आईआईटी,पटना, एनआईटी, पटना के अलावा चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान भी है। नए स्टार्ट-अप के संवर्द्धन एवं प्रशिक्षण से बिहार में उद्योगों को नया आयाम मिलेगा एवं रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। कार्यक्रम में उद्योग विभाग के निदेशक (तकनीकी) पंकज दीक्षित, विभाग के विशेष सचिव दिलीप कुमार, चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान के डायरेक्टर बी. मुकुंद दास, आईसीएसआई, पटना चैप्टर की चेयरपर्सन सुश्री पूजा कसेरा, चेयरपर्सन मुकुल कुमार, संस्थान के स्टार्टअप सीईओ कुमोद कुमार, मुख्य प्रशासनिक पदाधिकारी राजीव रंजन, स्टार्ट-अप के नोडल पदाधिकारी राजीव कुमार सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए मर्चेंट बैंकर, सीए, सीएस सहित राज्य के प्रमुख स्टार्ट-अप प्रतिनिधि उपस्थित थे। बेहतर प्रदर्शन करने वाले स्टार्टअप को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

कार्यशाला का उद्घाटन करते उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद।

Rashtriya Sahara ! Page.No-03
Dated:28-09-2021

बदलते बिहार के वाहक बनेंगे राज्य के स्टार्ट-अप : उपमुख्यमंत्री

सरकार की नीति एवं सहयोग स्टार्ट-अप के साथ

पटना/संवाददाता। चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान पटना के ऑडिटोरियम में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने कहा कि सरकार की नीति एवं सहयोग बिहार के स्टार्टअप के साथ है। बिहार ने विगत 15 वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में आधारभूत संरचना का विकास किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दूरदर्शितापूर्ण परिकल्पना को आकार देने में चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान के फैकेल्टी एवं प्रबंधन संस्थान से जुड़े पदाधिकारियों का बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान की टीचिंग, लर्निंग, रिसोर्सेस और रिसर्च काफी अच्छे हैं। संस्थान में वर्ष 2017 से स्थापित स्टार्ट-अप इनक्यूबेशन एंड बिजनेस इनोवेशन लैब राज्य का महत्वपूर्ण इनक्यूबेशन सेंटर है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के स्टार्ट-अप बदलते बिहार के वाहक हैं। आज की कार्यशाला में राज्य के विभिन्न हिस्सों से आए मर्चेंट बैंकर, सीए, सीएस सहित तकनीकी वक्ताओं के प्रशिक्षण और तकनीकी बारीकियों के संबंध में मार्गदर्शन से बिहार के स्टार्ट-अप को नया कलेवर एवं आयाम मिलेगा। उन्होंने कहा कि संस्थान ने अपने स्थापना काल से लगातार प्रबंधन के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन किया है। हाल ही में नेशनल इंस्टिट्यूशनल रैंकिंग में संस्थान को 78 वां रैंक प्राप्त हुआ है, जिनमें आईआईटी. पटना, एनआईटी पटना के अलावा चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान भी शामिल है। उन्होंने कहा कि चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान ने स्टार्ट-अप स्केलिंग पर कार्यशाला आयोजित करके बेहतर पहल की है। उन्होंने कहा कि नए स्टार्ट-अप के संवर्धन एवं प्रशिक्षण से बिहार में उद्योगों को नया आयाम मिलेगा एवं रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। कार्यक्रम के दौरान उद्योग विभाग के निदेशक (तकनीकी)पंकज दीक्षित, विभाग के विशेष सचिव दिलीप कुमार, चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान के डायरेक्टर बी. मुकुंद दास, आईसीएसआई. पटना चैप्टर की चेयर पर्सन पूजा कसेरा, चेयर पर्सन मुकुल कुमार, संस्थान के स्टार्टअप सीईओ कुमोद कुमार, मुख्य प्रशासनिक पदाधिकारी राजीव रंजन, स्टार्ट-अप के नोडल पदाधिकारी राजीव कुमार सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए मर्चेंट बैंकर, सीए, सीएस सहित राज्य के प्रमुख स्टार्ट-अप प्रतिनिधि उपस्थित थे।

Sanmarg ! Page.NO-02 ! Dated:28-09-2021